<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने पूरी की अपने ग्यारह वर्षों की यात्रा। सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का माध्यम बना यह कार्यक्रम।
- केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को कफ सिरप के उपयोग को लेकर जारी किया परामर्श। दो वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी में दवा न देने की दी सलाह।
- बरेली में सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने लगाया इंटरनेट सेवाओं पर 48 घंटे का प्रतिबंध। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, सहारनपुर सहित अन्य जनपदों में भी पुलिस ने बढ़ायी सतर्कता।
- प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रूक–रूक कर हो रही बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज कई जनपदों में तेज बारिश को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक 'रेडियो कार्यक्रम' 'मन की बात' ने अपनी सफलता के 11 वर्षों की यात्रा पूरी कर ली हैं। 'मन की बात' का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के 126वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। यह देश के कोने–कोने तक पहुँच चुका है।.

***11 वर्ष की इस यात्रा में प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कई सामाजिक, सांस्कृतिक पर्यावरणीय और व्यावहारिक मुद्दों को छुआ है जिससे देश में सकारात्मक प्रभाव आया है। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। मन की बात कार्यक्रम के एक एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के श्रोताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार वही हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लंबे सफर में देश भर से प्रेरणादायक कहानियां आई हैं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। मन की बात की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है जिसमें हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। अमन यादव के साथ शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मन की बात के 11 वर्ष पूर्ण होने पर अमरोहा के गजरौला में मन की बात रेडियो संग्रहालय स्थापित करने वाले राम सिंह बौद्ध ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन गण मन का कार्यक्रम बन गया है।

***मन की बात को ग्यारह साल हो गए हैं और ये कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री जी अपने मन की बात करते हैं और मुझे भी इतनी खुशी हो रही है क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक सौ सातवीं कड़ी में मेरे संग्रह का रेडियो संग्रह का उल्लेख किया है जिससे मुझे वैश्विक पहचान मिली है और ये कार्यक्रम लाखों से करोड़ों तक पहुँचकर जन गण मन का कार्यक्रम बन गया है। इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी को और सभी देशवासियों की ओर से मेरी तरफ से बधाई।***

**********

केन्द्र ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को कफ सिरप के तार्किक उपयोग के बारे में परामर्श जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सलाह दी है कि दो वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। ऐसी दवाओं की सिफारिश आमतौर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नहीं की जाती है।

मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक को इस सम्बंध में पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बच्चों में खांसी की बीमारी आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाती है और इसके लिए प्रायः दवाओं की जरूरत नहीं पड़ती।

**********

'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कल से 11 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह का आयोजन कर रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह' बालिकाओं को उनके अधिकारों, अवसरों और संभावनाओं से जोडने का एक सशक्त प्रयास है। पेश है एक रिपोर्ट...

***अंर्तराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के पहले दिन प्रदेश भर में ड्राइविंग माय ड्रीम्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हर जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से 100–100 बालिकाओं और महिलाओं का चयन कर उनके लिये निशुल्क ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्रदान करने की मुहिम शुरू की गई। 4 अक्टूबर को पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस, 6 अक्टूबर को सभी बाल देखरेख संस्थानों में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप , 7 अक्टूबर को एक दिन की जिलाधिकारी कार्यक्रम, 8 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर कन्या जन्मोत्सव, 9 अक्टूबर को बाल विवाह को न विषय पर कार्यक्रम और 10 अक्टूबर को व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। सप्ताह का समापन 11 अक्टूबर को शक्तिसंवाद कार्यक्रम के आयोजन के साथ होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

बीते 26 सितंबर को हुई बरेली घटना के बाद प्रदेश भर में प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। क्षेत्र में पुलिस फोर्स के अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से शासन ने कल दोपहर तीन बजे

से बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा निलम्बित कर दी है। पुलिस की साइबर सेल, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर नजर रख रही है। स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। इसके साथ ही राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, सहारनपुर, उन्नाव समेत सभी जिलों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। पूरे प्रदेश में कल जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तरफ से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

**********

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कल एक दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में केंद्र और प्रदेश सरकार की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ सबका विकास' के लक्ष्य के साथ प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

***शांति से लोग मिलकर राज्य को समृद्धि की ओर ले जा रहे हैं और सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कानून का राज है पूरा प्रशासन और यहाँ भी खाद को किसी को कमी न पड़े। किसी किसान को तकलीफ न हो। इस समय बुवाई का सीजन चल रहा है तो सभी किसान को भी उपलब्ध है और कानून कानून का विषय है और यही सब विषय आये।***

**********

आगरा के थाना खेरागढ़ क्षेत्र के उटंगन नदी में आठ अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई घटना के बाद कल पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और आगरा के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने मृतकों और लापता युवकों के परिजनों से मुलाक़ात की। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे पर दुःख जताया है और घटना पर लगातार नजर बनाये हुए है। इस घटना में 13 लोग डूब गए थे, जिसमें से पांच लोगों के शव बरामद हो चुके हैं और एक युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं 7 लोगों की तलाश में एनडीआरएफ और पैरामिलिट्री फ़ोर्स का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज हम लकड़ी के विकल्पों पर जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

**नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने छोटे और मध्यम व्यवसायों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए कृषि – आधारित और पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के विकल्पों पर जीएसटी दर को काम कर दिया है। नए जीएसटी सुधारों के तहत चावल की भूसी बोर्ड, ग्लास्फिबर प्रबलित जिप्सम बोर्ड और जुट पार्टिकल बोर्ड जैसे विभिन्न लकड़ी आधारित उत्पादों पर कर की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर, 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। इसी प्रकार बांस के फर्श, बेरल, वेट, लकड़ी के टब पर भी जीएसटी को पहले के 12 प्रतिशत दर से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कटौती का उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। रोहन के साथ, दृष्टि पुण्यानि, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रुक रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। प्रयागराज और वाराणसी में तेज बारिश के चलते निचले इलाकों में पानी भर गया। भारी बारिश की वजह से जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र में कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यालयों को आज बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी इलाकों में बारिश के ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जगहों पर भारी वर्षा का अनुमान है।

**********